पत्रांकः— 14/एम 7—234/2011...

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......../......./2020

विषयः— चौरसिया राजकिशोर महाविद्यालय, हाजीपुर वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020—2023 एवं 2021—2024 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक— B/716 दिनांक 27.05.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन तथा राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने चौरसिया राजकिशोर महाविद्यालय, हाजीपुर, वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरो के निम्नांकित विषयों में सत्र 2020—2023 एवं 2021—2024 के लिए अस्थायी संबंधन के प्रस्ताव में सहमति प्रदान की है।

क्र० सं०	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, मैथिली, मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान तथा संगीत (कुल 15 विषयों में)
	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, गणित एवं इलेक्ट्रॉनिक्स । (कुल 06 विषयों में)
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउंटेन्सी, बिजनेस इन्वायरनमेन्ट, बिजनेस फाईनान्स एवं कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेसन। (कुल 04 विषयों में)

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल0पी0ए0 संख्या—1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

विश्वासभाजन
ह0/—
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक— 14/ एम 7—234/2011...— 903 पटना, दिनांक 31/08/2020

प्रतिलिपिः— माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/निदेशक, उच्च शिक्षा/उप सचिव, शिक्षा विभाग बिहार, पटना एवं सचिव, चौरसिया राजकिशोर महाविद्यालय, हाजीपुर एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Sec_14#2020